प्रारम्भिक मूल्यांकन (Baseline Assessment)

- यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।
- विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।
- शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।
- टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।

1. समान लगने वाले शब्दों के अर्थ उनके सामने लिखिए –

(क) अन्न = ... (ख) ओर = ...

अन्य = ... और = ...

(ग) समान = ... (ख) पानी = ...

सम्मान = ... पाणि = ...

2. नीचे दिए गए वाक्यों में कारक चिह्नों को रेखांकित कीजिए –

(क) भारत सरकार ने अवनी लखेरा को पद्मश्री से सम्मानित किया।

(ख) मैदान में बच्चे खेल रहे हैं।

(ग) हम अपने तिरंगे के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर सकते हैं।

(घ) देशराज कुर्सी पर बैठा है।

3. निम्नलिखित शब्द समूह को पढ़कर रिक्त स्थान को पूरा करिए –

(क) लड्डू, जलेबी, पेड़ा, बर्फी, कलाकंद ये सब .... ।

(ख) गिलास, चम्मच, थाली, लोटा, कटोरी ये सब .... ।

4. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ भी लिखिए और सरल वाक्य बनाइए –

(क) गुस्सा = ...

(ख) दोस्ती = ...

(ग) उपहार = ...

(घ) परिणाम = ...

5. नीचे दिए गए बॉक्स में से शब्द छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए –

बुढ़ापा, पिछौला झील, बाड़मेर, बचपन, गाय, नदी, शिवांगी, शहर, मीठास, गरीबी, लालच, लोहागढ़

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा
....	....	....
....	....	....
....	....	....
....	....	....

6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(क) आँख का तारा = ...

....

(ख) आग बबूला होना =..

....

7. दिए गए शब्दों से संयुक्त व्यंजन अलग कीजिए–

जैसे– रस्सा = स्सा

(क) सच्चा	=	....	(घ) टिड्डी	=	....
(ख) खट्टा	=	....	(ङ.) खच्च	=	....
(ग) अब्बा	=	....	(च) हक्का	=	....

8. दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए–

(क) जो नियम के अनुसार है। ....

(ख) जो ईश्वर में विश्वास रखता है। ....

(ग) जो पढ़ा लिखा न हो। ....

(घ) जो शर्माता बहुत है। ....

9. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण छाँटकर लिखिए–

(क) सीता सुंदर लड़की है। ....

(ख) वह तेज दौड़ता है। ....

(ग) भारत बहुत बड़ा देश है। ....

(घ) मैंने ताजा फल खाए। ....

(ङ) तुम सब मेरे अच्छे मित्र हो। ....

10. नीचे दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–

(अ) राम अपने विद्यालय गई।

....

(ब) वह तेज दौड़ती हुई पास आया।

....

(स) सुरेश आज जयपुर जाएगी।

....

(द) तुम दोनों कहाँ गया ?

....

(य) जापान एशिया महाद्वीप में रहता है।

....

11. नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए –

(क) मैं राजस्थान का निवासी हूँ।

(ख) क्या आप आ गए हैं ?

(ग) जो करेगा सो भरेगा।

(घ) गरिमा तुम अपना काम करो।

12. अपरिचित व्यक्ति से खतरा होने पर आप क्या करेंगे?

....

....

....

....

13. निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए शब्दों के आधार पर पूरा कीजिए –

(क) मुझे उसकी .... पर गर्व है। (बहादुर)

(ख) दोनों बहिनें पढ़ने में .... है। (मेहनत)

(ग) लविन दूध .... सो गया। (पीना)

(घ) अरूणा की पूंजी उसकी .... । (ईमानदार)

14. निम्न गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

गागर में सागर भरने की उक्ति को चरितार्थ करते हुए हम कह सकते हैं कि राजस्थान का भविष्य उज्ज्वल है। कुछ उद्योगपतियों की ऐसी मान्यता है कि यदि पर्याप्त शान्ति और पानी उपलब्ध हो सके, तो राजस्थान भारत का बंर्मिघम बन सकता है। इंदिरा नहर, गंगा नहर, चम्बल नहर आदि के पूर्ण हो जाने से निश्चय की राजस्थान की काया पलट हो जाएगी।

(क) इस गद्यांश में किसका भविष्य उज्ज्वल होने की बात की गई है ?

उत्तर ....

(ख) गागर में सागर भरना मुहावरे का अर्थ बताइए।

उत्तर ....

(ग) उद्योगपतियों की क्या मान्यता है ?

उत्तर ....

(घ) हम अपने राज्य के विकास में किस प्रकार योगदान कर सकते हैं ?

उत्तर ....

(ड़) उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

उत्तर ....

15. विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए –

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड

टिप्पणी :	विद्यार्थी समूह
	समूह-1 समूह-2